# आठ वर्ष में दोगुणे से ज्यादा हुई प्रति व्यक्ति आय

## कृषि, सेवा, उद्योग व अन्य आर्थिक गतिविधियां बढ़ने से आमदनी में आया उछाल

राज्य ब्यूरो, जागरण • लखनऊः प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डालर पहुंचाने की कोशिश में आर्थिक गतिविधियों को गति देने में जुटी योगी सरकार के प्रयासों के सकारात्मक संकेत दिखने लगे हैं। कृषि, सेवा, उद्योग, कारोबार व अन्य आर्थिक गतिविधियां बढ़ने से पहली बार वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रदेशवासियों की प्रति व्यक्ति आय एक लाख रुपये के आंकड़े को पार कर 1,08,572 रुपये पहुंच गई है। अखिलेश यादव सरकार के दौरान वित्तीय वर्ष 2016-17 में प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय 52,671 रुपये ही थी।

राज्य के नियोजन विभाग की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक आठ वर्ष में प्रदेश का सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) 13.3 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 29.8 लाख करोड़ रुपये हो गया है। जीएसडीपी बढ़ने के साथ ही प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय वर्ष 2023-24 के 93,422 रुपये के मुकाबले वर्ष 2024-25 में बढ़कर 1,08,572 रुपये हो गई है।



**वित्तीय वर्ष 2016-17 में थी 52,671 रुपये, 24-25 में हो गई 1,08,572 रुपये**

प्रमुख सचिव नियोजन आलोक कुमार का कहना है कि सरकार द्वारा आर्थिक गतिविधियों पर ध्यान देने से राज्य की जीएसडीपी में तेज वृद्धि के साथ प्रति व्यक्ति आय भी बढ़ रही है।

**यूं बढ़ी प्रति व्यक्ति आय (रु. में)**

| वित्तीय वर्ष | आय |
|---|---|
| 2013-14 | 40,124 |
| 2014-15 | 42,267 |
| 2015-16 | 47,118 |
| 2016-17 | 52,671 |
| 2017-18 | 57,944 |
| 2018-19 | 62,350 |
| 2019-20 | 65,660 |
| 2020-21 | 61,598 |
| 2021-22 | 74,055 |
| 2022-23 | 83.057 |
| 2023-24 | 93,422 |
| 2024-25 | 1,08,572 |

राज्य बजट के विशेषज्ञ लहरी यादव के मुताबिक वर्ष 2014-15 के बाद दो घटनाओं का असर प्रदेशवासियों की कमाई व जीवन स्तर पर पड़ा। पहले नोटबंदी ने लोगों के जीवन को प्रभावित किया और फिर कोरोना ने दो साल तक लोगों का जीवन मुश्किल किया। यही कारण रहा कि वर्ष 2021-22 तक स्थितियां प्रतिकूल रहीं। वित्तीय वर्ष 2022-23 के बाद स्थितियों मे तेजी से सुधार का असर प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि के रूप में दिख रहा है।

वित्त विभाग के संयुक्त निदेशक डा. वीरेंद्र सिंह बताते हैं कि सरकार के प्रयासों से कृषि क्षेत्र में तेजी से सुधार हो रहा है। सामाजिक क्षेत्र में उठाए गए कदमों से लोगों का जीवन आसान हो रहा है। शहरीकरण, औद्योगिकीकरण तथा इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में तेज विकास होने से प्रति व्यक्ति आय बढ़ रही है।